an>

Title: Need for all round development of Korba Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं कोयला-क्षेत्र यानी काले हीरे की धरती से आता हूँ। वहाँ अमीर धरती पर गरीब लोग रहते हैं। वहाँ लगातार नये खदान खुलते जा रहे हैं। एसीसीएल द्वारा व्यवस्थापन और पुनर्स्थापन की व्यवस्था कम है। हम चाहते हैं कि पहले वहाँ पर व्यवस्थापन का काम किया जाए।

अभी हाल ही में, वहाँ पर तीन खदान- सरईपाली, करतली और अम्बिका खुलने वाले हैं। इसके बाद छत्तीसगढ़ में 11 खदान और चिन्हित किये गये हैं। लेकिन उनकी व्यवस्था ठीक से नहीं की गयी है। वहाँ पर के लोग दूषित वातावरण से परेशान हैं। उनके लिए हॉस्पीटल की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। उनको चिकित्सा सुविधा भी मुहैया नहीं करायी जा रही है। कुछ दिन पहले उसका इमपैनलमेंट अपोलो से था, जिसे कुछ दिन पहले ही समाप्त कर दिया गया है। इसे समाप्त करके उन्होंने अच्छा किया क्योंकि वहाँ का चार्ज चार गुणा था। उनकी अलग से खुद की हॉस्पीटल है, उसमें सारी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

मेरी एक और मांग यह है कि कोयला क्षेत्र में कोयला से संबंधित माइनिंग कॉलेज खोला जाना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2011 में तत्कालीन कोयला मंत्री ने पूरे देश में पाँच मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की बात कही थी। एक मेडिकल कॉलेज मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ में था, उसे प्रारंभ किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : सर्व श्री लखन लाल साहू तथा भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बंशीलाल महतो द्वारा उठाये गये विÂ◌ाय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।